राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व० श्रीमती इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 31 अक्टूबर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व० श्रीमती इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 'राष्ट्रीय संकल्प दिवस' के राजकीय समारोह में इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी स्व० इंदिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में माननीय उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, माननीय विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गाँधीजी, माननीय विधान पार्षद श्री प्रेमचन्द मिश्र सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों/संस्थानों के अध्यक्षों/सदस्यों/पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, आई०जी०आई०एम०एस० के निदेशक प्रो० डॉ० एन०आर० विश्वास, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं कई गणमान्य जन आदि ने भी स्व० श्रीमती इंदिरा गाँधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में विभिन्न धर्म–गुरूओं द्वारा सर्वधर्म प्रार्थनाएँ भी की गईं। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों का गायन–कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

....